हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 30 नवंबर 2025


12 धान खरीदी सरकार की प्राथमिकता कोई ...



12 बारहवीं के छात्रों ने प्रोजेक्ट वर्क में साबुन ...




## खबर संक्षेप

### सुपरवाइजर घायल

**महासमुंद।** सड़क एक्सीडेंट में सुपरवाइजर के घायल होने के मामले में बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी गुलाल सिंह टंडन निवासी ग्राम उड़ेला ने बताया कि वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भंवरपुर में सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ है। 19 नवंबर को वह अपनी बाइक सीजी 06 एचसी 3258 से ड्यूटी से वापस आ रहा था। ग्राम झारबंद के पास पहुंचने पर पीछे आ रही बाइक क्रमांक एचएफ डिलक्स सीजी 06 एचडी 9636 के चालक द्वारा अपने मोटर सायकल को उपेक्षापूर्ण व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसकी बाइक को ठोकर मार दिया। गिरने से उसके दाहिने कंधे के पास में काफी चोट आई।

### एक्सीडेंट में युवक की मौत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में युवक की मौत के मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक धनंजय पिता दिलीप मिरी निवासी खट्टी महासमुंद हर्ष केशर के पास अपनी ट्रैक्टर में गिट्टी लोड कर पर्ची बनाकर लौट रहा था, इसी दौरान पीछे से टाटा आइसर क्रमांक सीजी 06 जीजी 3286 के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक पीछे करते हुए मृतक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसे मृतक के सिर, दाहिने पैर आदि जगह गंभीर चोट लगी। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# जिला कांग्रेस कमेटी को विधायक द्वारिकाधीश के रुप में मिला नया जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- विधायक निवास में सुबह से नेताओं और कार्यकर्ताओं का लगा रहा तांता

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधायक द्वारिकाधीश यादव को महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। घोषणा पश्चात स्थानीय विधायक कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने यादव का अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष की नियुक्ति पश्चात विधायक यादव का स्वागत समारोह बागबाहरा में बेहद उत्साहपूर्ण रहा।

### विधायक यादव का उद्बोधन और कार्यकर्ताओं से किया गया वादा

जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि यह पद सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी लेकर आता है।

संगठन के प्रत्येक साथी का सम्मान, उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना और कांग्रेस को मजबूती देना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होने संगठन को मजबूत करने और प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान सुनिश्चित करने का भरोसा जताया।



### कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और जिले सहित प्रदेशभर से बधाई

घोषणा के तुरंत बाद जिलेभर के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, युवा नेता और कार्यकर्ता बागबाहरा पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने भारी आतिशबाजी की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रश्मि चंद्राकर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, केशव चंद्राकर, खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, निखिलकांत साहू, सीटू सलूजा, देवनाथ साहू, चंद्रहास साहू, समीम खान, गणेश शर्मा, राजेश सिन्हा, विजय बंजारे, मनोहर ठाकुर, अंजोर ठाकुर, करण सिंह दीवान, हबला यादव, भुवन साहू, गौरव चंद्राकर, विराज चंद्राकर, जसवीर ढिल्लो, हरदेव ढिल्लो, प्रदीप यादव, उत्तम राणा, रमेश साहू, वसीम खान, किशोर सोनवानी, अमर अरुण चंद्राकर, मनोज गोयल, निर्मल जैन, खिलावन बघेल, देवेश साहू, मंता यादव, शिवा जगत, दुर्गा सागर, मिथुन अमीर, अशोक अग्रवाल, फिरोज मेमन, राजेश सोनी, एडिसन ठाकुर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, सरफराज खान, लोकेश दीवान, मोक्ष प्रधान, आदित्य बोकड़े, नंद निषाद, कमल प्रधान, नवनीत सलूजा, नवनीत नाग, शहजानपाशा, खोमेश साहू, पोखराज साहू, नितेंद्र बनर्जी, देवेश शर्मा, पूनम मानिकपुरी, रिंकू चंद्राकर, सोमेश दवे, ढेलू निषाद, राहुल यादव, डुमन लाल कागजी, तूफान दीवान, खेमराज सिंह, शाहबाज रजवानी, संतोष पटेल, सेवा राम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समस्या: जिले के अनेक किसान धान बेचने से हो सकते हैं वंचित

# वन ग्रामों के किसानों पर छाया संकट, फसल सर्वे ठप, धान पंजीयन के लिए सिर्फ आज तक समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में धान खरीदी से पहले वन ग्रामों के 3542 किसानों पर एक बड़ा संकट मंडरा रहा है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए अनिवार्य फसल सर्वे गिरदावरी का कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। धान पंजीयन के लिए अब केवल आज का ही दिन शेष हैं, जिसके बाद पंजीयन की तिथि समाप्त हो जाएगी। अगर इन किसानों का फसल सर्वे और पंजीयन समय पर नहीं हुआ, तो वे इस वर्ष समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने से वंचित हो सकते हैं, जिससे उनकी आर्थिक परेशानी कई गुना बढ़ जाएगी।

जिले में तहसील कोमाखान के 442 किसान, पिथौरा 576 किसान, बसना 253 किसान, बागबहारा के 652 किसान, महासमुंद के 1559 किसान एवं सराइपाली के 60 किसान जो वन भूमि अधिकार पत्र (वनपट्टा) के तहत खेती करते हैं।

धान खरीदी के नियमों के अनुसार, किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए पहले किसान पंजीयन करवाना आवश्यक होता है और यह पंजीयन तभी संभव है जब पटवारी द्वारा उनकी जमीन पर बोई गई फसल का सर्वे गिरदावरी करके राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। वन ग्रामों में यह प्रक्रिया सामान्य ग्रामों की तुलना में थोड़ी अधिक जटिल होती है, लेकिन प्रशासन और राजस्व विभाग को इसकी संवेदनशीलता को समझते हुए इसे प्राथमिकता देनी चाहिए। जिले के वन ग्रामों में 3542 किसानों ने खेतों का पटवारियों ने अभी तक या तो फसल सर्वे नहीं किया है, या फिर उनका कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। इसकी वजह से हजारों किसान पंजीयन से वंचित हैं। यदि ये किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाए, तो उन्हें औने-पौने दाम पर व्यापारियों को धान बेचने पर मजबूर होना पड़ेगा, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा।



### समय सीमा का दबाव, सिर्फ चंद घंटे बाकी

धान खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि करीब आ गई है। राजस्व विभाग के पास अब सिर्फ आज तक का समय बचा है कि वे वन ग्रामों के 3542 किसानों का फसल सर्वे करके उनके रकबे को पंजीयन पोर्टल पर दर्ज करवाएं। पंजीयन आज समाप्त हो जाऐगी, अगर इस तिथी पर किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया तो हजारों किसान प्रभावित होगें एवं समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित होना पड़ेगा। यह विलंब न केवल किसानों के लिए चिंताजनक है, बल्कि इससे सरकार के धान खरीदी लक्ष्य पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है।

### डिजिटल सर्वे पर भी सवाल

यह समस्या ऐसे समय में सामने आई है जब जिले को डिजिटल क्रॉप सर्वे के पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है, जिसका उद्देश्य फसल सर्वे को त्रुटिहीन और समयबद्ध बनाना है। कलेक्टर और उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार इस कार्य की निगरानी और प्रशिक्षण दिए जाने के बावजूद, वन ग्रामों के किसानों को इस नई तकनीक का लाभ मिलता नहीं दिख रहा है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि या तो तकनीकी अमले की कमी है, या फिर पटवारियों के स्तर पर जानबूझकर लापरवाही बरती जा रही है, जो किसानों के लिए घातक सिद्ध हो सकती है।

# देशी प्लेन और मसाला शराब जब्त, दो लोगों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तुमाडबरी के पास पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से देशी प्लेन और मसाला शराब जब्त कर आरोपियों विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिला कि महासमुंद निवासी रितेश बाघ और बेनू कुमार मोटर सायकल हीरो होंडा स्पलेण्डर प्लस क्रमांक सीजी 04 केए 6807 में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करने वाले हैं। इसके बाद तुमाडबरी बांध के पास के पास पहुंचकर घेराबंदी कर उक्त मोटर सायकल को रोका गया,। पूछताछ में मोटर सायकल चालक ने अपना नाम बेनू कुमार पिता स्व लालजी कुमार (41 वर्ष) वार्ड नंबर 23 सुभाष नगर महासमुंद व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रितेश बाघ पिता स्व वैष्णव प्रसाद बाघ (27 वर्ष) क्लबपारा वार्ड नंबर 26 महासमुंद होना बताया। आरोपियों के कब्जे 19 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1520 रुपए व 50 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 5000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण**- 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण**- 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि





# बिजली के मीटर की जांच कराने पर 500 और 1000 रुपए शुल्क लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में बिजली के उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर नए स्मार्ट मीटर लगाने का काम हो रहा है। इन मीटरों को लेकर लगातार सोशल मीडिया पर उपभोक्ताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं कि ये मीटर पुराने मीटरों से ज्यादा तेज चल रहे हैं।

बहुत से उपभोक्ता चाहते हैं कि वे अपने मीटरों की जांच कराएं, लेकिन यह जांच आसान नहीं है, क्योंकि कोई भी उपभोक्ता अगर अपने मीटर की जांच कराना चाहता है, तो उसे सिंगल फेज मीटर के लिए पांच सौ रुपए और थ्री फेज मीटर की जांच के लिए हजार रुपए के शुल्क का करंट लगेगा। अगर कोई उपभोक्ता पुराने मीटर की भी जांच कराना चाहेगा, तो उसके लिए भी इतने ही पैसे लगेंगे। प्रदेश के 60 लाख बिजली उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलने का काम चल रहा है। अब सभी उपभोक्ताओं के मीटर स्मार्ट हो जाएंगे। अब तक प्रदेश में करीब 30 लाख उपभोक्ताओं के मीटरों को बदल भी दिया गया है।

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम टाटा और जीनस कंपनी को मिला है। कंपनी मीटर बदलने में लगातार जुटी है। सरकारी विभागों के साथ आम उपभोक्ताओं और सभी व्यापारिक संस्थानों के भी मीटर बदले जा रहे हैं।

## प्रदेशभर में लग रहे हैं स्मार्ट मीटर, उपभोक्ताओं को मीटर सही न होने की आशंका

### मुफ्त में नहीं होती जांच

प्रदेश में जब से स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ हुआ है, तभी से लगातार इनको लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं कि ये मीटर ज्यादा तेज चलते हैं। एक तरफ जहां उपभोक्ता स्मार्ट मीटरों को लेकर सोशल मीडिया पर शिकायत कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस के नेता लगातार आरोप लगा रहे हैं कि ऐसे स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जिसके उपभोक्ताओं का बिल ज्यादा आ रहा है। कई उपभोक्ता जिनको लग रहा है कि उनका बिल पहले से ज्यादा आ रहा है वो अपने मीटरों की जांच भी कराना चाहते हैं, लेकिन यह जांच मुफ्त न होने के कारण काफी कम संख्या में उपभोक्ता अपने मीटरों की जांच कराने की पहल कर रहे हैं। गिनती के ही उपभोक्ताओं ने अपने मीटरों की जांच के लिए आवेदन किए हैं। जांच के आवेदन के साथ ही सिंगल फेज मीटर के लिए पांच सौ रुपए और थ्री पेज मीटरों के लिए हजार रुपए का शुल्क देना पड़ता है। मीटर में खराबी निकलने पर जितने समय से मीटर लगा है, उसको देखते हुए उतने माह के बिल में ज्यादा खपत का संशोधन करने का प्रावधान है। ऐसे में बिजली बिल में संशोधन किया जाता है।



## खबर संक्षेप



### मेकाहारा में समीक्षा अभियान, कर्मचारियों का किया सम्मान

**रायपुर।** राज्य के सबसे बड़े हास्पिटल डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल में कार्यों की समीक्षा चल रही है। उप नर्सिंग अधीक्षक, सहायक अधीक्षक सभी सामूहिक रूप से अभियान चला रहे हैं। सभी मैट्रन का धोबी समाज के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, अस्पताल हमारा है और हम सबकी जिम्मेदारी है, टीम भावना से काम करें। अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर का सपना है, हमारा अस्पताल छत्तीसगढ़ के सुपरहिट अस्पताल के रूप में नाम कमाए। उन्होंने आवश्यक सामग्री का उपयोग करके अस्पताल की सफाई बरकरार रखने की अपील सभी कर्मचारियों से की। इस अवसर पर उप नर्सिंग अधीक्षक डी. अश्लेष, दुर्गा रानी ठाकुर, रश्मि मसीह, लॉन्ड्री प्रभारी लिली कुट्टी, अभिलाषा गुजराती, सहायक नर्सिंग अधीक्षक मंजू बघेल, दिव्या तिग्गा, रेखा जैकब, लॉन्ड्री प्रभारी लव कुमार साहू, दिनेश सोनकर, जाहिद अली, सत्यम श्रीवास्तव, श्रेयस आदि अनेक अस्पताल कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बस्तर के दुर्गम इलाकों तक पहुंची स्वास्थ्य सेवा

**रायपुर।** बस्तर संभाग के घोर माओवाद प्रभावित नारायणपुर, सुकमा और बीजापुर जिले के अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से हाल ही में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों ने सुरक्षा चुनौतियों और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों को पार करते हुए सेवा और विशेषज्ञता की नई मिसाल कायम की है। स्वास्थ्य विभाग की इस महत्वपूर्ण पहल में रायपुर मेडिकल कॉलेज सहित डिमरापाल और कांकेर में संचालित मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही मेडिकल छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### जेएन मेडिकल कालेज में मनाया गया संविधान दिवस

**रायपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पोस्टर प्रतियोगिता, स्पीच, कविता स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूजी, पीजी के विद्यार्थी तथा जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अनेक वरिष्ठ चिकित्सकों, फैकल्टी सदस्यों और विद्यार्थियों ने भी संविधान की महत्ता, सामाजिक न्याय की आवश्यकता और बाबा साहब के योगदान पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

## म्यूल अकाउंट से देश के अलग-अलग राज्यों के साथ विदेश से पैसे निकाले गए

# चार हजार से ज्यादा म्यूल अकाउंट के जरिए 60 करोड़ से अधिक की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठगी की रकम आहरण करने जालसाजों के लिए म्यूल अकाउंट एक बड़ा माध्यम है। म्यूल अकाउंट हासिल करने जालसाज किराया देने के साथ अकाउंट खरीदी करते हैं। इसके लिए जालसाज बिचौलियों को मोटी रकम देकर म्यूल अकाउंट हासिल करते हैं। उन्हीं म्यूल अकाउंट के माध्यम से ऑनलाइन जालसाजी करने वाले ठगी की रकम एक अकाउंट से दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर करने का काम करते हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जालसाज राज्य के अलग-अलग शहरों में खोले गए चार हजार से ज्यादा म्यूल अकाउंट में 60 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की रकम ट्रांजेक्शन कर चुके हैं।

लेन-देन सहित सभी तरह के सिस्टम ऑनलाइन होने की वजह से ऑनलाइन ठगी की घटनाएं पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा हो गई हैं। बैंक में फर्जी तरीके से रकम ट्रांजेक्शन करने पुलिस से बचने जालसाज अपने अकाउंट की जगह म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं। जालसाज अपनी इस जरूरत को पूरा करने बिचौलियों की मदद से म्यूल अकाउंट की व्यवस्था करते हैं। उसी म्यूल अकाउंट की मदद से जालसाज ठगी की घटना को अंजाम देते हैं।

### बैंक कर्मियों की मिलीभगत से खुलता है म्यूल अकाउंट

सामान्य अकाउंट खुलवाने वालों को बैंक में वेरिफिकेशन के नाम पर कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ता है। बिचौलिए बैंक कर्मियों के साथ साठ-गांठ कर दस्तावेजों में हेर फेर कर आसानी से म्यूल अकाउंट खुलवा लेते हैं। म्यूल अकाउंट खोलने में मदद करने वाले बैंक कर्मियों की गिरफ्तारी के बाद निजी के साथ सरकारी बैंकों में म्यूल अकाउंट खुलना बंद हुआ है।

**ठगी की रकम एक अकाउंट से दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर करने का काम करते हैं**

**ऑनलाइन ठगी की घटनाएं पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा हो गई**



### *म्यूल अकाउंट खोलने ऐसे झांसे में लेते हैं*

*जालसाजों को किराए पर या बिक्री के लिए म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले बिचौलिए महिलाओं को या आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बैंक से लोन फाइनेंस कराने या अन्य प्रकार का झांसा देकर उनके नाम पर अकाउंट खुलवाते हैं। अकाउंट खुलवाते समय जालसाज संबंधित का मोबाइल नंबर देने के बजाय अपना मोबाइल नंबर देते हैं। इसके बाद अकाउंट, चेक, पासबुक सहित एटीएम बिचौलिए अपने कब्जे में लेकर जालसाजों को बेच या किराए पर दे देते हैं।*

### इन देशों के साथ राज्यों में इस्तेमाल

राज्य के अलग-अलग शहरों में खोले गए म्यूल अकाउंट का सबसे ज्यादा इस्तेमाल पश्चिम बंगाल, झारखंड, हरियाणा, राजस्थान सहित देश के कई और राज्यों में किया गया है। विदेशों में बांग्लादेश, मलेशिया, सिंगापुर, नेपाल जैसे देशों में किया गया है। राज्य के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, कोरबा सहित कई शहरों में बड़े पैमाने पर म्यूल अकाउंट खोले जाने की घटना सामने आई है।

### औसतन डेढ़ लाख की ठगी

पुलिस ने अब तक जितने भी जालसाजों के गिरफ्तार किया है, उनके कब्जे से जब्त म्यूल अकाउंट में औसतन डेढ़ लाख रुपए ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन किया गया है। इस लिहाज से जब्त के साथ सीज कराए गए चार हजार से ज्यादा म्यूल अकाउंट में 60 करोड़ रुपए से ज्यादा ठगी की रकम ट्रांजेक्शन होने का प्रमाण पुलिस को मिले हैं।

# जिला अस्पताल की डायलिसिस मशीन दे रही मरीजों को राहत

## निशुल्क हो रहा इलाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किडनी मरीजों को जिला अस्पताल में संचालित मशीनों के माध्यम से निशुल्क डायलिसिस का लाभ मिल रहा है। केवल राशन कार्ड के भरोसे मिलने वाली इस सुविधा से लोगों पर आर्थिक बोझ कम हुआ है। बड़े शासकीय अस्पतालों में यह सुविधा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मिल रही है। डायलिसिस सेवा का संचालन रायपुर, बलौदाबाजार सहित अनेक जिलों में किया जा रहा है।

शासन द्वारा संचालित योजना के तहत जिला अस्पताल में लगाए जाने वाले डायलिसिस मशीन की वजह से मरीजों को निजी अस्पतालों में खर्च अथवा बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है। रायपुर, बलौदाबाजार के साथ यह सुविधा लगभग सभी जिला अस्पताल में मरीजों को मिल रही है। बलौदाबाजार में स्थापित डायलीसिस यूनिट से अब तक 169 मरीज लाभान्वित हुए हैं। वहां डायलिसिस की सुविधा 15 अगस्त 2022 से प्रारंभ की गई है। डायलिलिस यूनिट में कुल 6 डायलिसिस मशीन उपलब्ध है। प्रारंभ से अभी तक लगभग 10305 डायलिसिस सेशन हो चुके है। प्रतिमाह लगभग 300 बार डायलिसिस किया जा रहा है। वर्तमान में 27 एक्टिव मरीज हैं। इसी तरह रायपुर जिला अस्पताल में भी दो सौ से ज्यादा सेशन पूरे हो चुके हैं और रोजाना तीन सेशन में मरीजों को इसका लाभ दिया जा रहा है।

रायपुर के जिला अस्पताल पंडरी में10 डायलिसिस मशीनें हैं, जिनमें से 8 सामान्य मरीजों के लिए और 2 एचआईवी/हेपेटाइटिस वाले मरीजों के लिए आरक्षित हैं।

### केवल राशन कार्ड की मदद से करवा रहे डायलिसिस

# भारत और दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच की तैयारियों की समीक्षा



■ कलेक्टर गौरव सिंह ने आयोजन एजेंसी छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर में 3 दिसंबर को होने वाले भारत–दक्षिण अफ्रीका एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की तैयारियों को लेकर कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक ली। इस बैठक में आयोजन एजेंसी छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ तथा पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में उन्होंने आयोजन से जुड़ी सभी प्रमुख व्यवस्था जैसे यातायात, सुरक्षा, खिलाड़ियों के आवागमन, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं तथा दर्शकों की सुविधा की विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से हरि ने तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक पुलिस के साथ समन्वय करते हुए यातायात प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की जा रही है, ताकि मैच के दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो।

खिलाड़ियों के आवास, परिवहन, पेयजल व्यवस्था, एम्बुलेंस, प्रकाश एवं सुरक्षा जैसी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय मैच रायपुर जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने सभी विभागों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए उच्च स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एजेंसी को लंबित निर्णयों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को शीघ्रता से पूर्ण कर अवगत कराने को भी कहा। प्रशासन ने आयोजन के सुचारु संचालन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन भी किया है।

# ऑनलाइन लॉटरी से हुई 6 नई रेत खदानों की नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में 6 नवीन खदानों की नीलामी पूरी हो गई। जिला पंचायत रायपुर के सभा कक्ष में इन खदानों की नीलामी की प्रक्रिया गुरुवार को शुरू की गई थी, जो देर रात 1 बजे तक चलने के बाद भी पूरी नहीं हो पाई थी। इस दिन 4 खदानों की ही नीलामी हो पाई, वहीं बची दो खदानों की नीलामी शुक्रवार को की गई। इस तरह नीलामी की कार्यवाही दो दिन में पूरी हो पाई। इधर इस नीलामी में सभी खदानों के लिए आए आवेदनों में ज्यादातर एक समान बोली लगाई गई थी, जिसके कारण ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से इसकी नीलामी हुई। इस बार की नीलामी में पुराने सिंडीकेट में किसी को ठेका नहीं मिला है।

खनिज विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सभी 6 नई रेत खदानों के लिए अलग-अलग संख्या में आवेदन किए गए थे। इनमें सबसे ज्यादा गोबरानवापारा क्षेत्र के ग्राम टीला-बी खदान के लिए कुल 705 आवेदन किए गए थे। इनमें 26 रिजेक्ट किए, वहीं 2 लॉटरी में अपात्र पाए गए। इस तरह कुल 677 आवेदकों के नाम लॉटरी में शामिल किया। इसी प्रकार चांपाझार ए और बी रेत खदान के लिए आवेदन किए गए थे। चांपाझार-ए खदान के लिए कुल 534 आवेदन किए गए थे, जिनमें से 22 आवेदन रिजेक्ट किए गए। शेष 512 आवेदन में एक समान बोली लगाई गई। चांपाझार-ए खदान के लिए 473 आवेदन किए गए थे। इनमें से 23 रिजेक्ट किए गए। राटाकाट-बी खदान के लिए कुल 88 आवेदनों में 2 रिजेक्ट, कुरूद-सी खदान के लिए 219 आवेदनों में 12 रिजेक्ट, ग्राम हरदीडीह-बी खदान के लिए कुल 184 आवेदनों में 6 रिजेक्ट किए गए। शेष आवेदनों में एक समान बोली लगने के कारण इन सभी खदानों के लिए भी ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई।

## संस्था-कंपनी को एक-एक और चार व्यक्तियों को मिला खदान में उत्खनन का ठेका




**उत्खनन शुरू करने से पहले लेनी होगी राज्य पर्यावरण विभाग से एनओसी :** नई रेत खदानों की नीलामी के बाद भी अब सभी ठेकेदारों को राज्य पर्यावरण विभाग से एनओसी लेना होगा। इसकी प्रक्रिया में भी कई महीने लग सकते हैं। नियम के तहत जब तक पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं मिल जाती, तब तक नई खदानों में रेत का उत्खनन नहीं किया जा सकता है।

### लॉटरी में चार व्यक्तियों एवं दो कंपनी का निकला नाम

ऑनलाइन लॉटरी में चार व्यक्तियों तथा दो कंपनियों का नाम निकला है। इनमें ग्राम टीला खदान के लिए राहुल गोयल, चांपाझार-ए के लिए जगदीप सिंह सिद्धू, चांपाझार-बी के लिए सत्यम गुप्ता एवं कुरूद-सी खदान के लिए मोहिल सेठी का नाम निकला है। इसी प्रकार दो कंपनी में सूरज कंस्ट्रक्शन एवं कामधेनु फाइनेंशियल एडवाइजरी एलएलपी का नाम निकला है।

### *बगैर एनओसी के उत्खनन करने पर अनुबंध खत्म करने का प्रावधान*

*पर्यावरण विभाग से एनओसी लिए बगैर खदान में संबंधित ठेकेदार उत्खनन करता है तो इस मामले में सख्त कार्रवाई से लेकर अनुबंध खत्म करने का प्रावधान है, लेकिन जिले में इससे पूर्व हुई 13 रेत खदानों में से मात्र 8 खदानों को ही पर्यावरण विभाग से एनओसी मिली थी। इसके बाद भी सभी खदानों में बेधड़क रूप से उत्खनन किया जाता रहा है। इनमें से कुछ खदानों पर विभाग की ओर से चैन माउंटेन मशीन एवं हाईवा गाड़ियों को जब्ती बनाने की कार्रवाई भी की थी, लेकिन अनुबंध खत्म नहीं किया। संभावना जताई जा रही है कि इन नई खदानों में भी बगैर पर्यावरण विभाग से एनओसी लिए रेत उत्खनन किया जा सकता है।*

### बदले गए एचओडी, चर्चा कई तरह की

**रायपुर।** शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में रेडियो डायग्नोसिस विभाग के विभागाध्यक्ष को बदल दिया गया है।

सीनियर एचओडी को अचानक हटाने के बाद कालेज में विभिन्न तरह की चर्चा का दौर शुरू हो गया। डा. एसबीएस करीब 11 साल से विभागाध्यक्ष थे साथ ही उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक की महती जिम्मेदारी भी संभाली थी। उनके स्थान पर डा. विवेक पात्रा को एचओडी की जिम्मेदारी दी गई है। चर्चा है कि किसी विभागाध्यक्ष बदलने का काम आमतौर पर डीन स्तर के अधिकारी करते हैं इस बार आदेश ऊपर से आया है जो चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### जिले में अब तक 8 लाख 38 हजार धान खरीदी

**रायपुर।** जिले में शुक्रवार को 2374 किसानों से 1 लाख 11 हजार 730.00 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस प्रकार जिले के 139 उपार्जद केंद्रों में अब तक 17888 किसानों से 8 लाख 38 हजार 108.00 क्विंटल की खरीदी हुई है।

### प्लास्टिक से भरी गाड़ी पकड़ाई

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के शंकर नगर इलाके में नगर निगम की टीम ने अवैध प्लास्टिक से भरे एक टाटा एस वाहन को पकड़ा। टीम ने वाहन को पकड़कर थाने भेज दिया, जहां आगे की जांच कार्रवाई की जा रही है। बताया गया है कि लोगों की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई।

# जल एवं भूमि संरक्षण के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने रील-फोटोग्रॉफी स्पर्धा, 31 दिसंबर तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग एवं राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जलग्रहण विकास घटक अंतर्गत वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के अंतर्गत रील और फोटोग्राफी स्पर्धा होने जा रही है, जिसके लिए 31 दिसंबर तक पोर्टल पर आवेदन किए जा सकते हैं।

वाटर शेड महोत्सव का उद्देश्य जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण एवं स्थायी कृषि प्रणालियों को बढ़ावा देना है। महोत्सव के तहत आयोजित सोशल मीडिया प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रतियोगिता में चयनित 5 रील विजेताओं को 50-50 हजार रुपए तथा 100 फोटोग्राफी विजेताओं को 1-1 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। रील चयन के लिए 2 रील डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाय 1.0 एवं 2.0 के जल संचयन संरचनाओं पर आधारित होगी। इसमें एक रील




केंद्र-राज्य योजनाओं के तहत निर्मित जल संरचनाओं पर तथा 1 रील बागवानी, कृषि वानिकी गतिविधियों पर आधारित होगी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के इच्छुक प्रतिभागी 31 दिसंबर तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। प्रतिभागियों को 30-60 सेकंड की रील अथवा कैप्शन सहित फोटो तैयार कर जल संरक्षण संरचनाएं चेकडैम, स्टॉपडैम, नाला बंधान, डबरी, सामुदायिक तालाब, लूज बोल्डर, गेबियन आदि या बागवानी एवं कृषि वानिकी गतिविधियां प्रदर्शित करनी होंगी।

### *निर्धारित हैशटैग का उपयोग अनिवार्य*

*सामग्री सोशल मीडिया पर पोस्ट करते समय प्रतिभागियों को हैशटैग शामिल करना होगा। प्रतिभागी को पोर्टल पर पोस्ट करना होगा। पंजीयन के दौरान प्रतिभागियों को अपने सोशल मीडिया पोस्ट का लिंक भी अपलोड करना होगा, जिसके बाद उन्हें सफल पंजीकरण का ई-मेल प्राप्त होगा। 31 जनवरी 2026 तक स्क्रीनशॉट जमा करना होगा। प्रतियोगिता समाप्ति के बाद प्रतिभागी अपने पोस्ट के रिच, व्यू, इंगेजमेंट, लाइक एवं कमेंट का स्क्रीनशॉट 31 जनवरी 2026 शाम 6 बजे तक पोर्टल पर अपलोड करेंगे। प्रतियोगिता से संबंधित सभी विवरण विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।*

### सतनाम महिला सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आज

**रायपुर।** सतनाम महिला सेवा समिति आदर्श नगर मोवा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को आदर्श नगर मोवा के गुरुद्वारा भवन में है। समिति के अध्यक्ष पुष्पलता जीएल ओगरे एवं मीडिया प्रभारी रामेश्वरी सुखनंदन बंजारे ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब होंगे। इसके अलावा विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, पार्षद देवदत्त द्विवेदी, गुरू घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष के पी खांडे, छग प्रगतिशील सतनामी समाज के अध्यक्ष एलएल कोसले सहित बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग शामिल होंगे। समिति का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें उपाध्यक्ष गूंजा सुरेन्द्र पप्पू बंदे, सचिव चंपा हेतराम जांगड़े, कोषाध्यक्ष भारती आशुतोष डहरिया, उप कोषाध्यक्ष सुनीता कामता बंजारे, सह सचिव कंचन करण कोसले पदाधिकारी बने। इनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

### विश्व शांति महापूजा, मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज

**रायपुर।** बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर रायपुर में विश्व शांति महापूजा और मूर्ति प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित है। रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में यह आयोजन होना है। सनातन संस्कृति का आधार मंदिरों को माना गया है, सामाजिक नैतिक शैक्षणिक और आध्यात्मिक कार्यों के लिए बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था को जाना जाता है। संस्था के मंदिरों का समाज में अमूल्य योगदान है। देवेंद्र नगर स्थित भव्य मंदिर वर्ष 2001 में ब्रह्म स्वरूप प्रमुख स्वामी महाराज के द्वारा स्थापित किया गया। 2025 में रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मंदिर का पुनः निर्माण कर प्रकट ब्रह्म स्वरूप महंत स्वामी महाराज के हाथों प्रतिष्ठित मूर्तियों की स्थापना विधि संस्था के वरिष्ठ संत ज्ञानेश ज्ञानेश्वर स्वामी संपन्न कराएंगे। 30 नवंबर को सुबह 9 बजे पुनः मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह आयोजित है।

## खबर संक्षेप

### नगर के योग भवन में गीता जयंती कल

**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 1 दिसंबर को गीता जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर दोपहर 2 बजे से संपूर्ण गीता पाठ, विष्णुसहस्त्रनाम पाठ आदि का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे गीता पर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती का व्याख्यान रखा गया है। रात्रि 8 से हरिनाम संकीर्तन, आरती उपरांत समापन होगा। उक्त सभी कार्यक्रम में नगर के साधकों को उपस्थित होने की अपील की है।

### एक्सीडेंट में एक घायल

**महासमुंद।** हाईवा ट्रक से टकराकर एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को संतोष गुप्ता ने बताया कि 28 नवंबर की रात करीब 8.30 बजे उसका पुत्र विकास गुप्ता अपनी मोटर सायकल बजाज पल्सर सीजी 24 जे 7981 से नास्ता करने झिलमिला चौक गया था। रात्रि करीब 9.10 बजे वापस घर आ रहा था, उसके सामने हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 06 एचवी 6089 आगे चल रहा था। सरायपाली नया मंडी के सामने सागरस्टेट के पास पहुंचने पर हाईवा ट्रक के चालक द्वारा बिना संकेत दिए एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर के अपने वाहन को दाहिने साइड मोड़ दिया, जिससे उसका पुत्र विकास गुप्ता की बाइक टकरा गई। एक्सीडेंट में उसके पुत्र के बांये पैर, सिर, हाथ-पैर में चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एनएच किनारे मूर्ति लगाने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** एनएच 53 के किनारे छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगा रहे कुछ लोगों पर तुमगांव थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। तुमगांव पुलिस के अनुसार नेशनल हाईवे पेट्रोलिंग के कर्मचारी कमलेश पटेल ने थाना में उपस्थित होकर लिखित आवेदन पेश किया कि 28 नवंबर को करीबन 2.45 बजे करणी कृपा प्लांट के सामने एनएचएआई के रोड के किनारे छत्तीसगढ़ किसान मोर्चा के अशोक कश्यप, हेमसागर पटेल, रूप सिंह निशाद, दौलत राम ध्रुव, विमल कुमार पिता गिरजाशंकर, अमजद खान के द्वारा छत्तीसगढ महतारी की मूर्ति स्थापित की जा रही थी। जिससे इस सड़क पर रायपुर से सरायपाली जाने वाले लोगों को बाधा हो रही थी, समझाइश देने पर वे नहीं माने और विवाद कर रहे थे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 285, 3(5) बीएनएस तथा राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 8(ख) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### तीन दर्जन एएसपी वरिष्ठ श्रेणी में हुए पदोन्नत

**रायपुर।** राज्य शासन ने राज्य पुलिस सेवा के तीन दर्जन एएसपी रैंक के पुलिस अफसरों को वरिष्ठ प्रवर श्रेणी में पदोन्नत किया है। राज्य पुलिस सेवा के अफसरों को आईपीएस अवार्ड मिलने के पूर्व यह सर्वोच्च वेतनमान है। अब इनकी पदस्थापना एसपी या उसके समकक्ष रैंक में की जा सकती है। सामान्यतः यह वेतनमान 16 वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुके राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को मिलने की पात्रता होती है। पद रिक्त नहीं होने की वजह से पदोन्नति में विलंब हो जाता है। इस बात का ध्यान रखते हुए शासन ने 16 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सभी अधिकारियों को एक साथ वरिष्ठता एवं वेतन वृद्धि का लाभ दिया है। सरकार के इस फैसले से पुलिस अधिकारियों के मनोबल में वृद्धि होगी। राज्य शासन ने जिन एएसपी को वरिष्ठ प्रवर श्रेणी में पदोन्नत किया है उनकी सूची इस प्रकार है- ज्योति सिंह, रजत शर्मा, राकेश शर्मा, ज्ञानेंद्र कुमार अवस्थी, मेहरूराम गंडावी, उदयभान सिंह चौहान, पंकज शुक्ला, कीर्तन कुमार राठौर, माहेश्वर नाग, पूजा अग्रवाल, तारकेश्वर पटेल, जयप्रकाश बढ़ई, अंशुमान सिंह सिसोदिया, अर्चना झा, हरीश कुमार यादव, दीपमाला सैनी कश्यप, रोहित कुमार झा, रमा पटेल, वर्षा मिश्रा, अनिल कुमार सोनी, प्रतिभा तिवारी, लखन पटले, गोपीचंद मेश्राम, उमेश कुमार कश्यप, अनंत कुमार साहू, राजेन्द्र कुमार जायसवाल, अभिषेक वर्मा, दौलत राम पोर्ते, उनेजा खातून अंसारी, प्रज्ञा मेश्राम, मोनिका ठाकुर, डॉ. संगीता महिलकर, संजय कुमार महादया, मुकेश ठाकुर, मधुलिका सिंह, अमृता सोरी ध्रुथ, मिर्जा जियारत बेग तथा जयंत वैष्णव के नाम शामिल हैं।



# धान की बालियों को खेत से खलिहान लाने में लगे हैं क्षेत्र के अन्नदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

> **हार्वेस्टर से धान की कटाई में आई तेजी, अच्छी मौसम और बारिश के चलते पैदावार में हुई वृद्धि**

क्षेत्र में इन दिनों किसान अपने सालभर की मेहनत धान की कटाई और मिंजाई काम में व्यस्त है। 15 नवम्बर से धान खरीदी शुरू हो चुकी हैं। उसके बाद से धान कटाई तेज चल रही हैं। अन्नदाता अपने खेत से धान की फसल को बैल गाड़ी व ट्रैक्टर से खलिहान लाकर, मिंजाई कर सुखाकर मंडी ले जाने के लिए तैयार कर रहे है।

समय पर खरीदी होने और मौसम के अनुकूल रहने और पैदावार अच्छी होने से किसान खुश है। क्षेत्र के कुछ किसान अपने खेतों में धान को बैल गाड़ी के सहारे सीधे खलिहानों में ला रहे है और खरही बनाकर थ्रेसर से मिंजाई करवा रहे है। वही कुछ किसान अपने खेत में लगे धान को ट्रैक्टर के माध्यम से खलियानों में लाकर थ्रेशर से मिंजाई करा रहे है, जिन किसान की फसल लेट वेरायटी की है वे अपनी फसल की रखवाली में लगे है।

किसान देवनाथ साहू ने बताया कि वर्तमान में साधन कितने ही बढ़ गए है। लेकिन, छत्तीसगढ़ की कृषि पुश्तैनी पद्धति पर ही निर्भर है। यहां कृषि भूमि में हमेशा नमी रहती है। वहीं मशीन से धान कटाई करवा रहे है, जो समय के बचत के साथ साथ सुविधायुक्त हैं। किसान परिवार के साथ सभी लोग खेतों में धान एकत्रित करने में लगे हुए है। महिलाएं धान की कटाई में लगी हुई हैं और पुरुष धान को बांधकर खलिहान लाने में लगे हुए है। सुविधा के साथ फसल के दाने एकट्ठा करने में लगे हुए है। गांवों में सुबह से दोपहर शाम तक सुनसान है और खेतों के तरफ चहल पहल ज्यादा है। सभी किसान अपना फसल की कटाई में लगे हुए है।

**जवाब तलब : कलेक्टर के औचक निरीक्षण में पाए गए थे वनरक्षक**

# ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर डीएफओ ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ड्यूटी में लापरवाही बरतने के मामले में एक वनकर्मी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय द्वारा वनरक्षक शनि ठाकुर परिसर रक्षी, भलेसर बागबाहरा को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि धान खरीदी वर्ष 2025-26 के सुचारू रूप से संपादन के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जिला महासमुंद के आदेश के द्वारा ठाकुर की ड्यूटी चेक पोस्ट खट्टी में लगाई गई है। किंतु वे कर्तव्य स्थल में उपस्थित नहीं हुए हैं। ठाकुर का यह कृत्य वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना एवं शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही को दर्शाता है। वहीं ठाकुर द्वारा बरती गई कदाचरण के लिए उनके विरूद्ध छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 (एस्मा) के तहत आवश्यक कार्रवाई किये संबंधी पत्र प्राप्त हुए हैं। जारी नोटिस में संबंधित कर्मचारी से कहा गया है कि चेक पोस्ट खट्टी में उपस्थित नहीं होने के संबंध में औचित्यपूर्ण कारणों का उल्लेख करते हुए स्पष्टीकरण 03 दिवस के भीतर उचित माध्यम से प्रस्तुत करें। स्पष्टीकरण असंतोषजनक अथवा नियत समय सीमा के भीतर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि गत दिवस कलेक्टर विनय लंगेह द्वारा खट्टी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमें शनि ठाकुर बिना वैध कारण के अनुपस्थित पाए गए थे।



# 15वें वित्त की राशि का उपयोग पेयजल, स्वच्छता पर होः सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार द्वारा जल संरक्षण-संवर्धन, स्वच्छता तथा 15वें वित्त से स्वीकृत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में पिथौरा, बागबाहरा एवं महासमुंद विकासखंड के सचिव एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला सीईओ नंदनवार ने बैठक के दौरान कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में उपलब्ध वॉटर स्ट्रक्चर, जैसे परंपरागत जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, तालाब गहरीकरण, सोख्ता निर्माण, स्टॉप-डैम, नाला बंदी जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि जहां नए वॉटर स्ट्रक्चर की जरूरत है, वहां प्रस्ताव अधिक संख्या में भेजे जाएं ताकि स्वीकृति तेजी से मिल सके। स्वच्छता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ गांव, स्वस्थ समाज की नींव होते हैं। पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया कि सभी गांवों में नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन, नाली सफाई, ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा जन जागरूकता से संबंधित गतिविधियों को निरंतर क्रियान्वित किया जाए।

15वें वित्त के तहत संचालित कार्यों की प्रगति पर उन्होंने विकासखंडवार बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त से प्राप्त राशि का उपयोग पेयजल, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा आधारभूत ढांचा विकास के लिए समयबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए। लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। सीईओ नंदनवार



ने उपस्थित सचिवों से कहा कि जल संरक्षण-संवर्धन के प्रति जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक गांव में वर्षा जल संचयन को आदत और परंपरा के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। बैठक में ब्लॉक पिथौरा, बागबाहरा एवं महासमुंद के सचिवों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रगति एवं चुनौतियों का विवरण भी प्रस्तुत किया।

# जमीन के गाइडलाइन दरों में बेतहाशा वृद्धि कांग्रेसियों ने फूंका सीएम का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ की साय सरकार द्वारा जमीन के गाइडलाइन दरों में बेतहाशा वृद्धि किए जाने पर कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा जमीनों के गाइडलाइन दरों में अप्रत्याशित वृद्धि किए जाने का फैसला लिया गया है, जिसके चलते आम आदमी को रजिस्ट्री शुल्क 40 से 150 प्रतिशत तक अधिक चुकाना पड़ेगा। महंगाई की मार झेल रही आम जनता पर यह अतिरिक्त बोझ उसको अवसाद में लेकर जा सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह निर्णय आम आदमी का अहित करने वाला फैसला है और कांग्रेस पार्टी ऐसे फैसले का विरोध करती है। अपने विरोध को दर्ज कराने कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने का निर्णय लिया गया।

पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, वरिष्ठ नेता दाऊलाल चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, प्रभारी महामंत्री गुरमीत चावला, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शाहबाज रजवानी, सचिन गायकवाड़, पूर्व पार्षद तुलसी साहू, सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, अजय थवाईत, पूर्व पार्षद दसोदा ध्रुव, पूर्व पार्षद शकील खान, जावेद चौहान, टोमन सिंह कागजी, आकाश निषाद, तबरेज खान, लीलू साहू, मोती साहू, प्रकाश अजमानी, मनोहर ठाकुर, भानू सोनी आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में प्रथम वक्ता के रूप में पूर्णिमा साहू (अध्यक्ष, गायत्री महिला मंडल), कार्यक्रम में द्वितीय वक्ता के रूप में कृष्णा चंद्राकर (विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य), विशेष अतिथि के रूप में संध्या शर्मा (जिला संयोजिका सप्तशक्ति संगम एवं आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष), कार्यक्रम की अध्यक्षता भारती गुप्ता (आदर्श शिक्षा मंडल समिति के सदस्य), मनोज साहू (सप्तशती संगम के प्रांतीय सदस्य एवं बालिका शिक्षा प्रांतीय प्रमुख), प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा (विद्यालय के पूर्व छात्रा) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया किया गया। उपरांत अतिथि परिचय आचार्या मनोज साहू द्वारा एवं स्वागत आचार्या दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर व टिकेश्वरी चंद्राकर ने किया। मनोज साहू द्वारा सप्तशक्ति संगम की प्रस्तावना व उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम विद्या भारती द्वारा देशभर में आयोजित किए जा रहे हैं। सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संयुक्त परिवार की संकल्पना को सुदृढ़ करना तथा स्त्री



में निहित सप्त शक्तियां कीर्ति, वाक, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा को जागृत कर परिवार एवं समाज निर्माण में नारी की भूमिका को सशक्त बनाना है। प्रथम वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्णिमा साहू द्वारा कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि विषय पर प्रभावी विचार प्रस्तुत किए।

उन्होंने कहा कि परिवार भारतीय समाज की आधारशिला हैं, मातृशक्ति में वह गुण होती है, जो अपने बच्चों को और परिवार को जैसा चाहे वह उस गुण में ढाल सकती हैं, पर्यावरण सुरक्षा पर नारी शक्तियों को विशेष ध्यान देना चाहिए। इसके लिए परिवार के सदस्यों के जन्मदिन पर एक-एक पेड़ लगाते रहना चाहिए। द्वितीय वक्ता के रूप में उपस्थित कृष्णा चंद्राकर द्वारा भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि भारत के विकास में महिलाओं का योगदान आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है।

महिलाएं अब विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं, जिनमें चिकित्सा, इंजीनियरिंग, अंतरिक्ष, और रक्षा शामिल हैं।

अध्यक्षीय उद्बोधन में भारती गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह समाज के विकास की एक अनिवार्य शर्त है, जो कि हम सभी महिलाओं को सशक्त बनाते हैं एवं मजबूत और समृद्ध समाज का निर्माण करती है। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी भी रखी गईं, जिसमें माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

तत्पश्चात रानी लक्ष्मीबाई, जीजा माता, अहिल्या बाई होलकर, रानी दुर्गावती, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं तीजनबाई जैसी वीरांगनाओं की वेशभूषा में बालिकाओं ने सप्त शक्ति के रूप मेंआकर्षक एवं रोचक झांकियां प्रस्तुत कर प्रेरणादायी संदेश दिया।

आभार प्रदर्शन आचार्या निशा गोस्वामी ने किया। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन योगिता ध्रुव ने किया। प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा सभी माताओं को संकल्प दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, विद्यालय की सप्तशक्ति संगम की सह संयोजिका एवं बालिका विद्यालय की बालिका शिक्षा प्रभारी दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, तारणी गोस्वामी, मल्लिका चंद्राकर, किरण सोनी, गुरबारी सोनी, उत्तरा सिंन्हा, तनूजा साहू, साक्षी घोड़ेचोरे का सहयोग रहा।

**बिहार में फिर से मंत्री बनने के बाद रायपुर पहुंचने पर जोरदार स्वागत**

# नितिन नवीन बोले- डीजीपी-आईजी कांफ्रेंस राज्य के विकास का बड़ा सबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन बिहार सरकार में एक बार फिर मंत्री बनने के बाद पहली बार रायपुर पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका विमानतल के साथ ही कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। वे मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मिले। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए राजधानी रायपुर में हो रही डीजीपी-आईजी कांफ्रेंस को लेकर कहा, यह आयोजन छत्तीसगढ़ के विकास का बड़ा सबूत है।

श्री नवीन ने विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा लगाव है। छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने का काम हमारे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। हमारी पार्टी का नारा है, हमने बनाया हम ही संवारेंगे। तो छत्तीसगढ़ को संवारने का काम भाजपा कर रही है। राज्य के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर कदम पर साथ खड़े हैं। हमारे केंद्रीय मंत्री अमित शाह के संकल्प के मुताबिक छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश से नक्सलवाद का सफाया हो रहा है। अब नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त होने वाला है। श्री नवीन ने बिहार में उनकी जीत पर प्रदेश के नेताओं की मेहनत के लिए उनका आभार माना।



**मुख्यमंत्री से मिले**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में नितिन नवीन ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री नवीन का आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें शॉल एवं प्रतीक चिन्ह नन्दी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक किरण देव एवं छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह उपस्थित थे।

**कांग्रेस पर तीखा हमला**

श्री नवीन ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, कांग्रेस पूरी तरह से नेतृत्व विहीन हो गई है। कर्नाटक में मुख्यमंत्री के खिलाफ डिप्टी सीएम का साथ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, जो पार्टी नेतृत्व विहीन हो, जिसकी नीयत सही न हो, उस पार्टी में इस तरह की स्थिति जरूर होगी।

**जोरदार स्वागत**

श्री नवीन का रायपुर पहुंचने पर विमानतल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन,अखिलेश सोनी, डॉ.नवीन मारकण्डेय सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने स्वागत किया। इसके बाद कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पहुंचने पर उनका स्वागत प्रदेश के मंत्री श्याम बिहार जायसवाल सहित कई भाजपा नेताओं ने किया। भाजपा के कई नेताओं ने ठाकरे परिसर में उनके मुलाकात की। श्री नवीन इसके बाद बिलासपुर में क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी की बेटी और भाटापारा में शिवतन शर्मा के बेटे की शादी के अवसर पर उनसे मिलने गए।

# देवरी स्कूल में हुआ बोर्ड परीक्षा की तैयारी-कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं के लिए आगामी होने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारी और कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित कर विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि लक्ष्य भेदते समय जिस प्रकार अर्जुन को केवल मछली की आंख दिखी थी, उसी प्रकार आप लोगों को सिर्फ और सिर्फ बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखकर बहुत ही अच्छे से पढ़ाई करें। वरिष्ठ व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे ने कहा कि निडर होकर परीक्षा की तैयारी करे और परीक्षा दिलाए घर में समय सारिणी बनाकर नियमित अध्ययन में जोर देवें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता परस राम सिन्हा ने कहा कि आपके पूरी पढ़ाई को केवल तीन घंटे में लिखना है। शांत और एकाग्रता से पेपर दिलाए। नियमित अभ्यास के दौरान उत्तरों को लिखने की तैयारी करें। अंग्रेजी के व्याख्याता भोजराम ध्रुव ने अंग्रेजी में निबंध, लेटर, सीन, अनसीन इत्यादि में बारे जानकारी दी। गणित के व्याख्याता बीएल टंडन ने बताया कि गणित में बहुत ज्यादा एकाग्रता और अभ्यास की आवश्यकता है। व्याख्याता नीलू सोनी ने हिंदी विषय, आशीष कुमार दीवान ने भौतिक और गणित विषय, कुलेश्वर ठाकुर ने वाणिज्य विषय, रवि प्रकाश पात्रे ने जीव विज्ञान विषय पर तैयारी के लिए प्रेरित किया। आनंद राम व्यौहार, संजय बारसागढ़े, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर ने भी अपने अपने विषय पर प्रेरित किया। पूजा साहू, योगेश्वरी, पुष्पा जांगड़े, टिवंकल महिलांग, मंदाकिनी, तारिणी, नीरज



बंजारे, मिथलेश नागेश, मोहित, नीलकंठ ने कठिन प्रश्नों से संबंधित समस्याओं को सुलझाने और उत्तर कैसे लिखे इस पर जानकारी प्राप्त किया। शंका समाधान के कार्यक्रम में दसवीं, बारहवीं के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन रायपुर में शनिवार को हुआ

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नवा रायपुर अटल नगर स्थित सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान, उन्होंने 'दिल की बात' कार्यक्रम के तहत दिल की बीमारी से जूझने वाले और सफल इलाज करा चुके बच्चों से मुलाकात की। कार्यक्रम में पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान सत्य साईं बाबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद, उन्होंने हृदय रोग से स्वस्थ हुए बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया और 'दिल की बात' कार्यक्रम के दौरान उनसे संवाद किया। विकसित भारत की इस अहम यात्रा में ब्रह्माकुमारी जैसी संस्था की बहुत बड़ी भूमिका है।

### प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

**कोमाखान।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में शुक्रवार से बीए, बीएससी, बी काम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा प्रारंभ हो गई। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. भूमिका शर्मा ने बताया कि उक्त परीक्षा के अलावा यहां प्रायोगिक परीक्षा भी प्रारंभ हो रही है। यह जानकारी लोकेश बंजारे ने दी।

## निधन

### लक्ष्मीनारायण साहू



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी दीनदयाल उपाध्याय निवासी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी लक्ष्मीनारायण साहू (37) का देहांत 29 नवंबर शनिवार को हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जहां ग्रामीण सहित सामाजिकजन उपस्थित थे। वे वंदना साहू के पति व गायत्री साहू के पुत्र और नरेंद्र साहू के बड़े भाई थे।

# एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर निकलीं कन्या शाला पिथौरा की छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

शासकीय कन्या शाला पिथौरा की छात्राएं एक दिवसीय शैक्षणिक अध्ययन भ्रमण पर रायपुर पहुंचीं। भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को पाठ्यपुस्तक के बाहर वास्तविक अनुभवों से जोड़ना, विभिन्न क्षेत्रों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराना तथा उनके ज्ञान, जागरूकता और आत्मविश्वास में वृद्धि करना था। इस दौरान छात्राओं ने राजधानी रायपुर में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। साथ ही उन्होंने अयोध्या धाम स्थित राम मंदिर, नया रायपुर की जंगल सफारी, तथा एक प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान का भी भ्रमण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिक्षकगण कमला यादव, विजयलक्ष्मी होता, विमला नायक, ज्योति पटेल, इति प्रधान, कुसुम दीवान, केशव निषाद एवं रोहिला यादव का योगदान रहा। भ्रमण का सबसे प्रेरक और उत्साहवर्धक क्षण तब आया, जब छात्राएं एवं शिक्षक दल रायपुर स्थित शिक्षा मंत्री के निवास पहुँचे। मंत्री ने सभी छात्राओं का आत्मीय स्वागत किया और उनके अध्ययन, लक्ष्य, करियर तथा विद्यालयीय गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की।

### राजधानी रायपुर में शिक्षा मंत्री से की मुलाकात, जंगल सफारी भी गए विद्यार्थी

#### आध्यात्मिक सीख

भ्रमण के प्रथम चरण में छात्राएं रायपुर के वीआईपी रोड स्थित भव्य श्रीराम मंदिर पहुँचीं। यहाँ उन्होंने मंदिर की विशालता, अद्भुत शिल्पकला और निर्माण की विशेषताओं को नजदीक से देखा। शिक्षकों ने भारतीय संस्कृति, रामायण की परंपरा तथा श्रीराम के आदर्शों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य साझा किए। छात्राओं ने मंदिर परिसर में सांस्कृतिक समृद्धि और आध्यात्मिक वातावरण को आत्मसात करते हुए इसे अत्यंत प्रेरक अनुभव बताया।



#### वन्यजीव संरक्षण का संदेश

अगले चरण में छात्राएं नया रायपुर स्थित जंगल सफारी पहुंचीं, जहां उन्होंने बाघ, तेंदुआ, भालू, हिरण, चीतल, बारहसिंगा आदि कई वन्यजीवों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। वनकर्मियों ने जैव विविधता, पशु संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा वन्यजीव सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। इस अनुभव ने छात्राओं में प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को और भी प्रबल किया।

**मीडिया संस्थान में आधुनिक संचार तकनीक की जानकारी** : भ्रमण के अंतिम चरण में छात्राओं ने रायपुर के एक प्रसिद्ध मीडिया संस्थान का अवलोकन किया। यहां उन्होंने न्यूज़ रूम, रिकॉर्डिंग स्टूडियो, प्रसारण नियंत्रण कक्ष, कैमरा संचालन, एडिटिंग प्रक्रिया तथा संपूर्ण मीडिया कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझा। मीडिया विशेषज्ञों ने बताया कि समाचार कैसे तैयार होते हैं, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सामग्री किस प्रकार पहुंचती है और समाज में मीडिया की क्या भूमिका होती है। इससे छात्राओं में मीडिया शिक्षा, संवाद कौशल और पत्रकारिता के प्रति नई जिज्ञासा विकसित हुई।

#### विद्यालय प्रबंधन ने बताया अत्यंत उपयोगी

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे अध्ययन भ्रमण से छात्राओं का ज्ञान, अनुभव और व्यवहारिक समझ बढ़ती है। प्रत्यक्ष अवलोकन से उनकी शैक्षणिक क्षमता, दृष्टिकोण और व्यक्तित्व विकास को नई दिशा मिलती है। छात्राओं ने भी इस शैक्षणिक यात्रा को ज्ञानवर्धक, उत्साहजनक और जीवन में याद रखने योग्य अनुभव बताया।

### निरीक्षण : कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# धान खरीदी सरकार की प्राथमिकता कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं: लंगेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में धान खरीदी कार्य की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बिरकोनी, आछोला, तुमगांव, भोरिंग और जोबा उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, बारदाना उपलब्धता, गुणवत्ता परीक्षण, किसानों की सुविधा तथा सुरक्षा प्रबंधन का बारीकी से जायज़ा लिया।

कलेक्टर लंगेह ने उपार्जन केंद्रों में मौजूद किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी किसान को अनावश्यक देरी या परेशानियों का



सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने तौल कांटे एवं स्टैक यार्ड की व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा बारदाना की पर्याप्त उपलब्धता की पुष्टि की। नमी मापने की मशीन की कार्यप्रणाली की जाँच की। कलेक्टर ने ऑनलाइन पंजीयन सूची एवं टोकन व्यवस्था की समीक्षा की तथा खरीदी डेटा को समय पर पोर्टल में अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था की भी जाँच की ट्रक लोडिंग और परिवहन व्यवस्था को तेज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बारिश/सीलन की स्थिति में धान को सुरक्षित रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था रखने कहा। किसानों के लिए पीने के पानी व बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि धान खरीदी सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संचालित हो। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, संबंधित तहसीलदार, खाद्य विभाग के अधिकारी, मार्कफेड प्रबंधक एवं उपार्जन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# जंघोरा में लगा विखं स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट-गाइड जांच शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

पिथौरा विकासखंड स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड जांच शिविर का आयोजन पिथौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जांघोरा में किया गया है, जिसका शुभारंभ पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष स्काउट गाइड संघ सत्यनारायण अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। राज्य मुख्यालय आयुक्त स्काउट लक्ष्मीकांत बबलू सोनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्काउट गाइड संघ स्वप्निल तिवारी, पिथौरा ब्लॉक उपाध्यक्ष मनमीत कौर सलूजा, देवकुमारी, नीलम अग्रवाल, डॉ संजय गोयल, मीडिया प्रभारी डॉ गौरव चंद्राकर, ग्राम पंचायत जघोरा की सरपंच श्रीमती दीवान, उपसरपंच वरुण राजपूत मौजूद रहे। आयोजन में नवनियुक्त राज्य मुख्यालय आयुक्त स्काउट लक्ष्मीकांत बबलू सोनी का पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। स्काउटर संतोष साहू, रोहणी देवांगन, झनेश साहू, रामकुमार नायक, नरेश नायक, गाइडर सरस्वती पटेल, दीपिका देवांगन, श्रीमती नायक उपस्थित रहे।

# लाल आतंक के खात्मे के साथ जल, जंगल व जमीन की सुरक्षा का विश्वास दिलाए भाजपा : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- प्राकृतिक संसाधनों, ऐतिहासिक स्थलों को अडानी को देना बंद करें

छत्तीसगढ़ में लाल आतंक पर विराम लगे तथा बिहड़ में सक्रिय हर नक्सली मुख्य धारा में लौटे यह प्रदेश का हर नागरिक चाहता है। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में भी नक्सलियों को मुख्यधारा में वापस लाने एक विशेष नीति के तहत सरकार ने काम किया। भूपेश सरकार की नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस शासन के प्रथम वर्ष के कार्यकाल में ही सैकड़ों नक्सलियों ने आत्मसर्पण किया था। तब अबूझमाड़ के लोगों में अपनी जल, जंगल, जमीन को लेकर कोई चिंता नहीं थी। लेकिन, वर्तमान में भाजपा के साय सरकार में नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया जा रहा है, इसके बाद लगातार सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अबूझमाड़ियों द्वारा अपनी जल, जंगल, जमीन को लेकर जो संवेदनाएं प्रकट की जा रही है, इस पर सभी छत्तीसगढ़ियों को विचार करना होगा। जंगलों में रहने वाले आदिवासियों को



अब डर सताने लगा है कि उनकी प्राकृतिक पूजा स्थल, जंगलों को अब नष्ट किया जाएगा। जिस तरह हरे-भरे हसदेव अरण्य के लाखों पेड़ों की बलि अडानी को लाभ पहुंचाने के लिए दी जा रही है, उसी तरह कहीं सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा के वन क्षेत्रों की बलि ना दे दी जाए। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सरकार द्वारा कुछ दिन पूर्व ही एक बार फिर हसदेव अरण्य के भीतरी क्षेत्र के घने जंगल में आच्छादित लाखों पेड़ों की कटाई का अनुमति अडानी कंपनी को देने के निर्णय पर व्यक्त की है। चंद्राकर ने कहा कि मोदी मित्र अडानी के मुनाफे के लिए सरगुजा रेंज के केते एक्सटेंशन के खुदाई की अनुमति गौतम अडानी को भाजपा की साय सरकार ने दी है। साथ ही अब रामगढ़ की पहाड़ियां, प्राचीन नाट्यशाला, सीता गुफा, जानकी रसोई, प्रभु श्रीराम के वन गमन पथ की पुण्य स्मृतियों को अडानी के आर्थिक लाभ के लिए संकट में डाला जा रहा है।



### शोभायात्रा में शामिल होंगे नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** सतनामी समाज द्वारा संत गुरु घासीदास बाबा की शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। जिसमें शामिल होने समाज के पदाधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को आमंत्रित किया। प्रगतिशील सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष विजय बंजारे एवं समाज प्रमुख दिनेश बंजारे ने नपाध्यक्ष को आमंत्रण कार्ड देने पहुंचे थे। साहू ने समाज के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। उन्होंने आपसी भेदभाव को भुलाकर समस्त मानव जाति को मानवता का पाठ पढ़ाया। ऐसे महान विभूति की जयंती अवसर पर भव्य शोभायात्रा शहर के आयोजित हो रही है, यह हम सब के लिए अत्यंत गौरव पूर्ण क्षण है। उन्होंने समस्त नगरवासियों को बाबा श्री गुरु घासीदास की शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

# बारहवीं के छात्रों ने प्रोजेक्ट वर्क में साबुन बनाना सीखा



**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रसायन प्रयोगशाला में कक्षा 12वीं के छात्रों ने प्रोजेक्ट वर्क में साबुनीकरण की क्रिया को सीखा। उन्हें लैब में साबुनीकरण क्रिया द्वारा साबुन निर्माण करना सिखाया गया। रसायन प्रयोगशाला में डॉ. ज्योति किरण चंद्राकर के मार्गदर्शन और सरोज सोनी के सहयोग से बच्चों ने साबुनीकरण क्रिया द्वारा साबुन बनाना सीखा। रसायन शास्त्र की व्याख्याता चंद्राकर ने बताया कि साबुन निर्माण हेतु नारियल तेल, सोडियम हाइड्रोक्साइड और सोडियम क्लोराइड की आवश्यकता होती है। विद्यालय में बच्चों द्वारा बनाए गए साबुन की प्रशंसा करते हुए प्राचार्य जीआर सिन्हा ने विद्यार्थियों को कहा कि प्रयोग कर ही हर कठिन प्रश्नों को आसानी से समझ सकते हैं। इस दौरान शाला विकास समिति के सदस्य नीलम दीवान भी उपस्थित थे। यह प्रायोगिक कार्य कक्षा 12वीं के बच्चों ने किया। जिसमें हंसिका यादव, छाया ठाकुर, अश्वनी सांवरा, आंचल राठौर, झम्मन, कमलनारायण, हरभजन, रागिनी, शीतल, शालिनी, सुप्रिया, कुणाल, प्रीति, कृति, सिमरन जांगड़े, खुशी औंर कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में अध्यनरत सभी बच्चे उपस्थित थे।

# जीवन का एक-एक क्षण और शरीर का एक-एक कण सेजेस भंवरपुर की उत्कृष्टता पर रहेगा समर्पित : मनोज नंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

राजाओं के गढ़ मैदान में स्थित बालमन के ज्ञान, अनुसंधान, विज्ञान और उत्थान का केंद्र सेजेस भंवरपुर में अब कई वर्षों बाद प्राचार्य के रूप में पदोन्नति उपरांत नये प्राचार्यों ने अपने पदभार ग्रहण किया है। उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर के नवनियुक्त प्राचार्य मनोज नंद का स्वागत विद्यालय के द्वार से मंच तक कतारबद्ध खड़े अध्येताओं द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट, पुष्प वर्षा व भूतपूर्व प्राचार्य टिकेश्वर पटेल, नंदकुमार दीवान, प्रेमकुमार निर्मलकर तथा समस्त स्टाफ द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत व सत्कार किया गया।



स्वागत भाषण में वरिष्ठ व्याख्याता प्रेमकुमार निर्मलकर द्वारा नए प्राचार्य नंद के प्रभावी व्यक्तित्व व योग्यता का विद्यालय हित में सदुपयोग की बात रखी गई, अनंत विजय कदम द्वारा भूतपूर्व प्राचार्य टिकेश्वर पटेल के स्वर्णिम योगदानों को रेखांकित किया गया। दुर्गा प्रसाद पटेल द्वारा पूर्व प्राचार्य के सहयोग और मार्गदर्शन के साथ-साथ नव पदस्थ प्राचार्य के लिए ईको क्लब, अटल टिंकरिंग लैब, क्रीड़ा, सांस्कृतिक, साहित्यिक, नैतिक, अनुशासनात्मक, व्यवहारपरक, स्वच्छता, कैरियर गाइडेंस, शैक्षणिक व अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों में उत्कृष्ट विद्यालय की अनेक उपलब्धियों तथा आगामी लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति के लिए ध्यान आकृष्ट किया गया। पश्चात मनीलाल पटेल व विनोद चौहान का स्वागत भाषण हुआ।

स्वागत कार्यक्रम में टिकेश्वर पटेल, नंदकुमार दीवान, प्रेमकुमार निर्मलकर, श्याम सुंदर साहू, शौकीलाल चौहान, अनिरूद्ध भोई, दिनेशचंद्र सतपथी, अनंत विजय कदम, दिनेश कुमार दास, दिनेश कुमार बंधु, राधा देवांगन, प्रदीप कुमार बारीक, मनीलाल पटेल, हेमसागर पटेल, लता पटेल, लक्ष्मी चौहान, हीराराम चौहान, दुर्गा प्रसाद पटेल, अनुसूईया पटेल, सरोज भोई, दामिनी भोई, विनोद चौहान, विनय नायक, सुरेन्द्र बंजारे, खिलेश ध्रुव, चंद्रहास साहू, अंजलि सिंह, आकांक्षा मसीह, नवीन सिंह, ऋतु साहू, ऋतु श्रीवास, आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



### वाटरशेड महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुंद।** महासमुंद में वाटर शेड महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत 27 नवम्बर को वाटरशेड समिति बावनकेरा विकासखंड महासमुंद, 28 नवंबर को वाटरशेड समिति चौकबेड़ा एवं 29 नवंबर को वाटरशेड समिति जबलपुर विकासखंड पिथौरा में आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों व ग्रामीणणों द्वारा श्रमदान, प्रभात फेरी निकली गई तथा स्कूली बच्चों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पानी की पाठशाला, पानी की बचत के लिए शपथ, प्रश्नोत्तरी, भाषण, नाट्य कला, पारंपरिक खेलकूद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड महासमुंद परियोजना के मुख्य अतिथि के रूप में दिशा दीवान अध्यक्ष जनपद पंचायत, जनपद सदस्य धनेश गायकवाड़, सरपंच गोपाल सिंह ध्रुव, उपसरपंच द्रोण चंद्राकर तथा विकासखंड पिथौरा परियोजना के मुख्य अतिथि के रूप में जगमोती दीनदयाल भोई, श्याम लाल जनपद सदस्य, नित्यानंद नेताम सरपंच, हरप्रसाद पटेल विधायक प्रतिनिधि, अभिमन्यु प्रधान भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं संबंधित क्षेत्र के परियोजना अधिकारी हितेन्द्र परघनिया, भीमराव घोड़ेसवार एवं वाटरशेड; कृषि विभाग के वाटरशेड सचिव व डब्ल्यूडीटी कर्मचारी उपस्थित थे।

### शिक्षा संभाग रायपुर के संयुक्त संचालक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत

# समग्र शिक्षक फेडरेशन ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन रायपुर संभाग के जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने संजीव श्रीवास्तव संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर से मुलाकात कर लंबित पदोन्नति, लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि, परीक्षा अनुमति, विषयवार पदोन्नति, शिक्षकों से लगातार कराए जा रहे गैर शिक्षकीय कार्य पर अंकुश लगाने सहित आठ सूत्रीय मांग पर चर्चा कर निराकरण करने के लिए ज्ञापन सौंपा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में ईश्वर चंद्राकर जिला अध्यक्ष ने बताया की मतदाता सूची शुद्धिकरण एसआईआर कार्य में जान गवाने वाले शिक्षक को मुआवजा देने की मांग की। एकल शिक्षकीय शाला जहां 160 बच्चे से अधिक दर्ज संख्या है, ऐसी स्कूल से निर्वाचन नामावली में ड्यूटी लगाना और शिक्षक का स्वास्थ खराब होने के बाद भी उपचार के लिए अवकाश न देना शिक्षक की मृत्यु का कारण बना। ऐसे संवेदनहीनता के साथ ड्यूटी लगाने वाले अधिकारियों पर नियमानुसार कार्यवाही की मांग की है। रायपुर संभाग से जिलाध्यक्षद्वय ईश्वर चंद्राकर महासमुंद, लखेश्वर वर्मा रायपुर, दौलत ध्रुव धमतरी, प्रांतीय सचिव राजू टंडन, प्रांतीय कार्यकारी



प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श, प्रांतीय संगठन मंत्री हेम कुमार साहू, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव, आरंग ब्लॉक अध्यक्ष धरम दास पाटिल की मौजूदगी में सभी आठ बिंदुओं पर चर्चा की गई। संयुक्त संचालक ने सभी बिंदुओं का त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल ने महासमुंद जिले में आनलाइन अटेंडेंस को सहर्ष स्वीकार किया है, लेकिन एप्प पर आपत्ति जताते हुए स्कूलों में डिवाइस उपलब्ध कराने के पश्चात ही ऑनलाइन अटेंडेंस कर पाने की बात से अवगत कराया गया। आगे अवगत कराते हुए ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि आज संभागीय संचालक से संगठन ने मांग करते हुए कहा कि शासकीय शिक्षक स्कूलों में पढ़ाना चाहता है। परंतु, शिक्षा विभाग द्वारा लगातार ऑनलाइन तथा गैर शिक्षकीय कार्य सौप देने के कारण शिक्षक अपने मूल कार्य से भटक गया है, जिसका जवाबदार शिक्षा विभाग खुद है। विभाग को बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है और शिक्षकों को केवल शिक्षकीय कार्य करने देने के लिए स्वतंत्र करना चाहिए। वीकेएस एप को अनिवार्य किए जाने के बजाए शिक्षा विभाग को स्कूलों में डिवाइस उपलब्ध कराना चाहिए। शिक्षक के मोबाइल से अन्य ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना उचित नहीं है। इस ऐप से कई शिक्षक ठगी के शिकार हुए हैं। साथ ही शिक्षकों के निजता के अधिकार का हनन नहीं होना चाहिए। वही गैर शिक्षकीय कार्य को तत्काल रोक लगाना चाहिए। वर्तमान में शिक्षक इन दिनों गैर शिक्षकीय कार्य में व्यस्त हैं, जिसके चलते बच्चों की पढ़ाई में इसका व्यापक असर दिखाई दे रहा है। उक्त सभी बात को संभाग के सभी जिला अध्यक्षों, प्रांतीय पदाधिकारियों और ब्लॉक अध्यक्षों की उपस्थिति में चर्चा हुई और सभी के उचित निराकरण का आश्वासन संयुक्त संचालक ने दिया।

